Kannur Jila Panchayath – SSLC Mukulam Model Exam 2015

Third Language - Hindi

कुल स्कोर: 40 | समय: 90 मिनट

1. तालिका की पूर्ति करें। 2

पाठ	प्रोक्ति	रचयिता
गौरा	....	महादेवी वर्मा
....	कविता	मैथिलीशरण गुप्त
सकुबाई	....	नादिरा ज़हीर बब्बर
वापसी	कहानी	....

2. कोष्ठक से घटनाएँ चुनकर सही क्रम से खाली स्थानों की पूर्ति करें। 2

- ....।
- डौली पिल्लों के साथ खेलने लगी।
- ....।
- डौली स्कूल से आकर पिल्लों को ढूँढने लगी।

(डौली के स्कूल गए रहने पर पिल्ले मारे गए।, डौली की कुतिया ने पिल्ले दिए।)

3. अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर समानार्थी हिंदी शब्द रखकर पुनर्लेखन करें। 3

Clerk के व्यवहार के संबंध में Manager से शिकायत करने पर उन्होंने मेरा Account Number पूछा। (प्रबंधक, खाता संख्या, लिपिक, पूछताछ)

4. महादेवी वर्मा की चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखें। 2

- पशु-पक्षियों से प्यार भरा व्यवहार करनेवाली।
- लालची स्वभाववाली।
- उपयोगिता की दृष्टि से पशु-पक्षियों को न पालनेवाली।

सूचना: 5 से 7 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें। (2x2=4)

5. मिलानी जी ने सच्ची घटना को 'हाथी के साथी' नाम दिया है। यह कहाँ तक सार्थक है?
6. 'मैं समझता हूँ कि आप हिन्दुस्तानी नहीं हैं'– गामा ने फारसी पत्रकार से ऐसा क्यों कहा?
7. गजाधर बाबू ने चीनी मिल में नौकरी करने का निश्चय क्यों किया?

सूचना: 8 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। (3x4=12)

8. गजाधर बाबू को अपने ही घर में पराया महसूस होने लगा। इस संदर्भ में गजाधर बाबू की डायरी लिखें।
9. माली का छोटा बच्चा मर गया। इस प्रसंग पर डौली और आया के बीच का वार्तालाप तैयार करें।
10. कई दिनों के इलाज के बाद अंत में गौरा की मृत्यु हुई। इसकी खबर देते हुए श्यामा के नाम महादेवी वर्मा का पत्र तैयार करें।

11. 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है'। इस विषय पर आपके स्कूल में एक संगोष्ठी चलनेवाली है। उसके संबंध में एक पोस्टर तैयार करें

सूचना: कवितांश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

खुशबू केवल फूल-फूल में
रहनेवाली चीज़ नहीं
खुशबू केवल बगीचों में
बहनेवाली चीज़ नहीं।

खुशबू है व्यवहार प्यार का
जिसकी बड़ी ज़रूरत भाई
इसके कारण सुंदर लगती
कैसी भी हो सूरत भाई।

12. जीवन में किस चीज़ की बड़ी ज़रूरत है? (फूल की, प्यार की, सुंदरता की) 1

13. कवितांश के लिए उचित शीर्षक दें। 1

14. कवितांश का आशय लिखें। 3

निम्नलिखित वाक्यों का **संशोधन** करें।

15. रीना का घर <u>छोटी</u> है। <u>उसकी</u> घर में दो <u>कुत्ता</u> हैं। घर में चार लोग <u>रहता है</u>। 2

सूचना: कोष्ठक से उचित विशेषण शब्द चुनकर खाली स्थानों की पूर्ति करें।

16. हिमालय .... पहाड़ है। हिमालय का वातावरण .... होता है। .... लोग पहाड़ पर चढ़ने तैयार होते हैं। नीचे का दृश्य .... होता है। (साहसी, भयानक, ठंडा, ऊँचा) 2

सूचना: योजकों की सहायता से वाक्यों को मिलाकर लिखें।

17. मैंने बड़ी कोशिश की। मुझे प्रथम स्थान नहीं मिला। (कि, लेकिन, और) 1

सूचना: निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर 18 से 21 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

धरती पर जीवन प्रकृति-संतुलन से ही संभव हो सका है। धरती वनस्पतियों से पूरी तरह ढक न जाए, इसलिए घास खानेवाले जानवर पर्याप्त मात्रा में थे। इन जानवरों की संख्या अधिक न हो जाए इसलिए हिंस्र जंतु भी थे। इस प्रकार प्रकृति में वनस्पति, जीवजंतु आदि का अनुपात संतुलित और नियंत्रित बना रहता था। इससे पर्यावरण स्वच्छ और जीवन के अनुकूल बना।

18. धरती पर जीवन कैसे संभव हो सका है? 1

19. 'हिंस्र जंतु' में 'जंतु' शब्द .... है। (संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया) 1

20. इससे पर्यावरण स्वच्छ.....। 'इससे' में प्रयुक्त सर्वनाम ..... है। (वह, यह, तू) 1

21. प्रकृति में वनस्पति, जीवजंतु आदि का अनुपात कैसे संतुलित बना रहता था? 2